
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 07.02.2023 से 11.02.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रिड) की समीक्षा बैठक

(दिनांक 07.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रीड) के डाटा उपयोग को लेकर हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए है कि परिवार पहचान पत्र से सम्बंधित आंकड़ों को सत्यापित करने के बजाए उनकी आधिकारिक पुष्टि करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रदेश के हर परिवार के हर एक सदस्य खासकर वृद्धों, द्वियांगों और बच्चों से सम्बंधित आंकड़ों की पक्के तौर पर पुष्टि की जाए। प्रदेश में 60 वर्ष से ऊपर के हर वरिष्ठ नागरिक की देख–रेख सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार इसे बखूबी निभाएगी। अधिकारी नागरिक संसाधन सूचना विभाग की व्यवस्था को और अधिक तर्कसंगत बनाने के लिए कार्य करे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को बच्चों से सबंधित डाटा जैसे क्रेच में जाने वाले बच्चे, आंगनवाड़ी जाने वाले बच्चे और स्कूल जाने वाले बच्चों से सम्बंधित जानकारियां भी संकलित करने के निर्देश दिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मंत्रियों व प्रशासनिक सचिवों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक

(दिनांक 07.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा निवास में सभी मंत्रियों व विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा सरकार भी प्रदेश के लिए अमृत काल का पहला बजट पेश करेगी। वर्ष 2023–24 के राज्य के आम बजट में किसानों, मजदूरों, उद्योगों, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने सहित अंत्योदय परिवारों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान पर फोकस किया जाएगा। यह बजट हर वर्ग के कल्याण के लिए होगा। बैठक में पिछले वर्ष के बजट घोषणाओं पर भी समीक्षा की गई। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के विजन को प्राप्त करने में हरियाणा अपना पूरा योगदान देगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र



इसके लिए हर सेक्टर में ग्रोथ बढ़ाने की जरूरत है। इसी कड़ी में लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट के अनुरूप हरियाणा के बजट में भी सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा जिन नई योजनाओं को बजट में शामिल किया गया है, इन योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रदेश सरकार विशेष ध्यान देगी। राज्य के बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला कल्याण सहित अंत्योदय उत्थान पर विशेष बल दिया जाएगा। उपलब्ध जल के समुचित वितरण व संचयन से जुड़ी परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जाएगा। इसके अलावा, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार के विजन के अनुरूप सभी जरूरतमंदों के सिर पर छत मुहैया करवाने के उद्देश्य से चल रही परियोजनाओं को तीव्र गति से पूरा किया जाएगा।

बैठक के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2023–24 का राज्य का बजट सभी वर्गों के कल्याणार्थ होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में आरआरटीएस के 2 प्रोजेक्ट के लिए वित्त पोषण की घोषणा की गई है, उसमें से लगभग 3600 करोड़ रुपये का हरियाणा को लाभ। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में अन्य हितधारकों के साथ भी बजट पूर्व बैठकें की जाएंगी, जिसके बाद उनके सुझावों को शामिल कर एक अच्छा व संतुलित बजट पेश किया जाएगा। 20 फरवरी को हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आरंभ होगा।

# वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

(दिनांक 07.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पंचकूला के ईआरएसएस भवन में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर संगठित अपराध के खिलाफ और भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा में लोगों के लिए सुरक्षित माहौल बनाना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अपराध और आपराधिक घटनाओं पर हर कीमत पर अंकुश लगाया जाना चाहिए ताकि प्रदेश में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। उन्होंने अपराध की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपराधिक गतिविधियों और टारगेट किलिंग में शामिल पाए गए आपराधिक तत्वों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए ग्रामीणों को जोड़ा जाए। इससे पुलिस की विश्वसनीयता बढ़ेगी और आम जनता के सहयोग से ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करने में मदद भी





मिल सकेगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और स्पेशल टास्क फोर्स नशीले पदार्थों की तस्करी, अपराध और आपराधिक तत्वों को पूरी तरह से खत्म करने के लिए जिला पुलिस इकाइयों के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि साइबर अपराध न केवल व्यक्तियों के लिए बल्कि सार्वजनिक क्षेत्र के लिए भी खतरा बन गया है, जोकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। नए साइबर थानों की स्थापना के अतिरिक्त पूरे पुलिस विभाग को साइबर क्राइम से उत्पन्न वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीकी रूप से मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने और इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि अब तक साइबर अपराध से संबंधित ठगी की करीब 47 करोड़ रुपये की राशि बरामद

की जा चुकी है। बैठक में गैंगस्टर, आतंकवाद, मोस्ट वांटेड, साइबर अपराध, यातायात और सड़क सुरक्षा पर भी चर्चा की गई। हरियाणा पुलिस की अनूठी पहलों की सराहना करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की लगातार कार्रवाई से जनता का विश्वास बढ़ा है। पुलिस द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस की ईआरएसएस 112 सेवा बेहतर कार्य करते हुए संकटकालीन कॉल का तुरंत व अविलंब रिस्पांस दे रही है। राज्य पुलिस बल की सराहना करते हुए गृह मंत्री जी ने कहा कि राज्य पुलिस ने कम्पीटेंट अथॉरिटी के माध्यम से नशा तस्करों की अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उन्होंने अधिकारियों को मोस्ट वांटेड अपराधियों, उद्घोषित अपराधियों और बेल जंपर्स की गिरफ्तारी के साथ–साथ अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए समय समय पर विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए ताकि राज्य भर में अपराध की दर को और कम किया जा सके।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 36वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला

(दिनांक 08.02.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में मिनिस्ट्री ऑफ डेवलपमेंट ऑफ नॉर्थ ईस्ट रीजन का इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 का ब्रोशर लॉन्च किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कह कि माननीय प्रधानमंत्री जी भी विभिन्न अवसरों पर मोटे अनाज के प्रयोग करने का आह्वान कर रहे हैं। हरियाणा सरकार भी मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास कर रही है। इसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी ने पूरे मंत्रिमंडल व सभी विधायकों के साथ मेले में दोपहर का भोजन किया। इस दौरान मेले में सांस्कृतिक महाकुंभ भी देखने को मिला, जब विदेशी कलाकारों ने अपनी कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया। स्टेज पर जी–20 के थीम–एक धरा, एक परिवार, एक भविष्य की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## फरीदाबाद में बाबा बन्दा सिंह बहादुर चौरिटेबल अस्पताल का शिलान्यास

(दिनांक 08.02.2023)

**प्रभाव :** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने फरीदाबाद में करीब 12.30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बाबा बन्दा सिंह बहादुर चौरिटेबल अस्पताल का भूमि पूजन कर पहला फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ ही सामाजिक संगठनों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के रूप में जो कदम उठाए जा रहे हैं, वह सराहनीय हैं। इस अस्पताल के निर्माण से जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सहज उपलब्ध होंगी, वहीं बाबा बंदा सिंह बहादुर की शहादत, वीरता और त्याग की भावना सभी को प्रेरित करेगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने चौरिटेबल ट्रस्ट को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा जी ने भी ट्रस्ट को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र




माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज हरियाणा हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्था,पित कर रही है। अब तक 7 नये मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं तथा 8 अन्य पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि वंचितों व जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में चिरायु हरियाणा योजना शुरू की है। प्रदेश में अंत्योदय परिवारों की स्वास्थ्य जांच के लिए निरोगी हरियाणा योजना भी शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा है, बल्कि 'आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर' भी स्थापित किये हैं । इसके अलावा सरकार योग को और अधिक बढ़ावा देने के लिए योग – पाठ्यक्रम भी तैयार कर रही है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## उत्तराखण्ड के जोशीमठ आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना करना

(दिनांक 08.02.2023)

**प्रभाव** :माननीय मुख्यमंत्री जी ने फरीदाबाद के सेक्टर 15 से उत्तराखंड के जोशीमठ में भू–स्खलन से प्रभावित लोगों की मदद के लिए राहत सामग्री से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा कभी बताकर नहीं आती, इससे निपटने के लिए आमजन को सदैव तैयार रहना चाहिए। हरियाणा आपदा की स्थिति में हर समय मदद के लिए तैयार रहता है। प्रदेश सरकार द्वारा जब भी किसी देश या प्रदेश पर आपदा आई, उसका आपसी सहयोग देकर एकजुटता दिखाते हुए सामना किया गया है।



# आईआईएम, रोहतक द्वारा जी–20 की अध्यक्षता को लेकर बैठक का आयोजन

(दिनांक 09.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरुग्राम में आईआईएम, रोहतक द्वारा जी–20 अध्यक्षता को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि हरियाणा आर्थिक, खेल महाशक्ति और विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरा है और घरेलू व विदेशी निवेशक भी आज हरियाणा की ओर देख रहे हैं। इतना ही नहीं, हरियाणा ने तेजी से प्रगति की है, जिसकी बदौलत राज्य ने वैश्विक मानचित्र पर अपनी पहचान बनाई है। भारत की जी–20 अध्यक्षता का थीम वसुधैव कुटुम्बकम है, जिसका अर्थ है "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य", जिसे माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा रेखांकित किया गया है। इसका उद्देश्य विकसित और उभरते देशों के बीच समावेशी सहयोग को प्रेरित करना और सामूहिक एवं सहयोगात्मक कार्रवाई के महत्व को पहचाना है। माननीय मुख्यमंत्री






जी ने क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा देश में 21वें तथा जनसंख्या की दृष्टि से 18वें स्थान पर है, लेकिन हरियाणा देश के सकल घरेलू उत्पाद में 3.87 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। इतना ही नहीं, राज्य देश के निर्यात में 4 प्रतिशत का योगदान करता है। हरियाणा बासमती चावल, ऑटो और ऑटो घटकों, मानव निर्मित फाइबर, कालीन, इलेक्ट्रिक मशीनरी आदि जैसी वस्तुओं का निर्यात करने वाला देश का 7वां सबसे बड़ा माल निर्यातक है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में टॉप अचीवर्स कैटेगरी में राज्य का स्थान है, जबकि नीति आयोग के इनोवेशन इंडेक्स में हरियाणा देश के शीर्ष 3 राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आधे से ज्यादा हरियाणा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आता है जिसे राज्य सरकार लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित कर रही है। इससे प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं बढ़ेंगी। माननीय प्रधानमंत्री जी के भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के विजन में हरियाणा सरकार अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु समर्पित प्रयास कर रही है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वूमेन एज फाउंडेशन ऑफ ए वैल्यू बेस्ड सोसाइटी' विषय पर नेशनल कन्वेंशन

(दिनांक 09.02.2023)



**प्रभाव :** माननीय राष्ट्रपति जी ने गुरुग्राम जिला के बहोडा कलां में स्थित ब्रह्माकुमारी ओम शांति रिट्रीट सेंटर में 'वूमेन एज फाउंडेशन ऑफ ए वैल्यू बेस्ड सोसाइटी'विषय पर आयोजित नेशनल कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण के लिए जहां सरकार अपना दायित्व निभा रही है, वहीं प्रत्येक व्यक्ति को नारी शक्ति का सम्मान करते हुए उनकी कार्यशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज विश्व स्तर पर भारत संस्कारों के बल पर अपना प्रभुत्व कायम कर रहा है। इस अवसर पर ओम शांति रिट्रीट सेंटर में हरियाणा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रपति जी का स्वागत किया।

माननीय राष्ट्रपति जी ने कहा कि आध्यात्मिक चिंतन के साथ सामाजिक विकास की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मूल्यों आधारित समाज की संरचना की जा रही है। उन्होंने ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय संस्थान द्वारा समाज हित में किये जा रहे कार्यों व आत्मिक चिंतन का संदेश जन जन तक पहुंचाने में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए माँ पहली गुरू व शिक्षक होती है, जो उन्हें संस्कारवान बनाती है। इसी प्रकार हमने धरती को भी माता का दर्जा दिया है, लेकिन आधुनिक युग में पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, जिसके लिए सभी को सजग होने की जरूरत है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र





# शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य के साथ बैठक

(दिनांक 09.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने सुरजकुंड में शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में रूस, बेलारूस, तज्जाकिस्तान, कम्बोडिया, साऊदी अरब, मालदीव, चीन, क्रिगीस्तान, उज्जेबेकिस्तान, नेपाल, कजाकिस्तान, आर्मेनिया, म्यांमार, कतर, ईरान, यूएई, बहरीन देशों के सदस्य देशों को प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया



और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की ओर से उन्हें कारोबार करने व निवेश संबंधी सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में उद्योग एवं निवेश के लिए अनुकूल माहौल है, जिसकी बदौलत हरियाणा आज निवेश के लिए प्रमुख गंतव्य बन गया है। वर्ष 2019 के बाद से, प्रदेश में 5.22 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, राज्य का निर्यात भी बढकर 2. 17 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में एससीओ की भागीदारी विभिन्न देशों को वैश्विक पटल पर लाने और उनकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम करेगी। इस बार इस मेले में शंघाई सहयोग संगठन के विभिन्न देशों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा तेजी से विकास करने वाले राज्यों में शुमार है। उन्होंने कहा की आर्थिक विकास के मानकों पर हरियाणा अग्रणी राज्यों में शामिल है। दुनिया की 400 फॉर्च्यून कंपनियों के कार्यालय राज्य की आर्थिक राजधानी गुरुग्राम में स्थापित हैं। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति–2020 तैयार की गई है। हमने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए भी नई नीति बनाई है। मारुति सुजुकी आईएमटी खरखौदा में 800 एकड़ में तीसरा प्लांट स्थापित कर रही है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण होगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए अरावली पर्वत श्रृंखला में गुरुग्राम और नूंह में एक सफारी पार्क विकसित किया जा रहा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा। यह लगभग 10,000 एकड़ के क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। इससे हरियाणा न केवल देश के बल्कि दुनिया के पर्यटन के नक्शे पर उभर कर आयेगा।

# चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन का शुभारंभ

(दिनांक 11.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय में राष्ट्र निर्माण में वैज्ञानिकों की भूमिका विषय पर आयोजित दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन के शुभारंभ समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत के वैज्ञानिकों की दुनिया को बहुत बड़ी देन है। गणित के क्षेत्र में जीरो, संख्या प्रणाली व पाई का मान दुनिया को हमारे गणितज्ञों ने दिए। भारत के सुप्रसिद्ध्घ गणितज्ञ रामानुजन् ने ज्यूमेट्री की 4000 से भी अधिक थ्योर्म की खोज की। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने करीब साढ़े पांच लाख रुपए की लागत से विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित की गई स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने यहां पर 128 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले तीसरे शैक्षिणिक भवन की आधाशिला रखी।

विज्ञान सम्मेलन में जिलेभर से आए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी जीवन में ऊर्जा का संचार करते हैं, जिससे हर क्षेत्र में विकास को गति मिलती है। भारत प्राचीन काल से ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत के 12 भारतीयों को उनके वैज्ञानिक और तकनीकी योगदान के लिए नॉबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। सीवी रमन को उनके रमन प्रभाव के लिए 1930 में तथा बायोकेमिस्ट हर गोबिंद खुराना को प्रोटीन संश्लेषण को नियंत्रित करने के लिए नॉबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कोविड महामारी के दौरान भारत के वैज्ञानिकों से वैक्सीन डोज बनाने का आह्वान किया गया था, जिस पर भारत के वैज्ञानिकों ने इस

चुनौति को एक अवसर के रूप में स्वीकारा और एक नहीं बल्कि दो वैक्सीन बनाई। 200 करोड़ वैक्सीन डोज बनाकर न केवल भारत में बल्कि अन्य देशों को भी वैक्सीन देने का काम किया।

माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमे वैज्ञानिक सोच के साथ साथ हमारे प्राचीन ज्ञान को भी आगे ले जाने की जरूरत है। जिससे की हम लोगो के जीवन को और भी बेहतर कर सके।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों से संवाद करना

(दिनांक 11.02.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम ब्ड से सीधा संवाद के दौरान आज ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों से सीधा संवाद किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी एम.एस.ई. क्लस्टर विकास कार्यक्रम की तर्ज पर हरियाणा सरकार ने राज्य मिनी क्लस्टर विकास कार्यक्रम तैयार किया है। इस कार्यक्रम के तहत सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना के लिए 90 प्रतिशत अनुदान सहायता प्रदान की जाती है। इस समय प्रदेश में 43 मिनी क्लस्टरों की स्थापना की प्रक्रिया चल रही है, जिनमें से 25 क्लस्टर शुरू हो चुके हैं। इस योजना की भारत सरकार द्वारा भी सराहना की गई। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए उद्यमियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि छोटे उद्योग बड़े उद्योगों की नर्सरी का काम करते हैं। छोटे उद्योग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आधार बनते हैं और आज के समय में एमएसएमई आत्मनिर्भर भारत में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बड़े उद्योगों के साथ–साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को महत्व दे रही है। इनमें कम पूंजी की जरूरत पड़ती है और अधिक लोगों को रोजगार मिलता है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

संवाद कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज संस्थाओं के छोटे कॉन्ट्रैक्टरों ने माननीय मुख्यमंत्री से बातचीत की। कॉन्ट्रैक्टरों ने मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में शुरू किए गए नया कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम सराहनीय है। कॉन्ट्रैक्टरों ने कहा कि इस नई प्रणाली से कार्यों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आई है और डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में प्रोजेक्ट्स का त्वरित रख रखाव सुनिश्चित हुआ है।

संवाद के दौरान जीएसटी देने वाले छोटे उद्यामियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार जताते हुए कहा कि देश में एक देश– एक कर की अवधारणा पर लागू जीएसटी प्रणाली बेहद कारगर है। उद्यमी बिना रोक टोक के देश में कहीं भी अपना माल बेच सकते हैं। इससे उनकी आमदनी में भी बढ़ोतरी हो रही है। उद्यमियों ने जीएसटी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए भी सरकार का धन्यवाद किया। माननीय मुख्यमंत्री जी




ने उद्यमियों की सराहना करते हुए कहा कि आज देश के कुल जीएसटी संग्रह में हरियाणा का हिस्सा 6 प्रतिशत है। यह उपलब्धि एमएसएमई के सहयोग से ही प्राप्त हुई है। क्योंकि जीएसटी में 30 प्रतिशत हिस्सा एमएसएमई का है। इस नाते से एमएसएमई राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हरियाणा कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति, 2018 बनाई है। इस नीति का उद्देश्य फार्म स्तर पर मजबूत बुनियादी

# साप्ताहिक सूचना पत्र

ढांचे का विकास करना और राज्य में तकनीकी रूप से उन्नत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एंटरप्राइजेज एंड एम्प्लॉयमेंट पॉलिसी (एचईईपी) 2020 के तहत हरियाणा ग्रामीण उद्योग विकास योजना और रोजगार सृजन सब्सिडी योजना जैसी मौजूदा योजनाएं पहले से ही ग्रामीण क्षेत्रों में नए सूक्ष्म उद्यमों को पूंजीगत सहायता, किफायती ऋण प्रदान करने के साथ–साथ हरियाणा से संबंधित कुशल व अर्ध–कुशल एवं अकुशल श्रेणी के व्यक्तियों के लिए उनकी क्षमता निर्माण के लिए तथा रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बिजली उपलब्धता और कनेक्टिविटी में सुधार किया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से विश्व स्तर पर इस साल को मोटे अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। हरियाणा में भी कई क्षेत्रों विशेषकर दक्षिणी हरियाणा में मोटे अनाजों की पैदावार होती है। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों का आह्वान किया कि एमएसएमई मोटे अनाजों की खपत को लोकप्रिय बनाने के लिए इनकी प्रोसेसिंग करके वेल्यू एडीशन करें। इससे उद्योगों को तो लाभ होगा ही और किसानों को भी मोटे अनाजों के लाभकारी मूल्य मिलेंगे।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना चलाई जा रही है। इसके तहत व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता के मामले में पंजीकृत करदाताओं को 5 लाख रुपये का बीमा कवर दिया गया है। इसी प्रकार, माननीय मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना के तहत आग और सेंधमारी के मामले में पात्र करदाताओं को माल या फर्नीचर व फिक्स्चर या दोनों के नुकसान के लिए 5 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक का बीमा कवर दिया गया है।